प्रेस नोट

दिनांक 18.09.2024

अपरजिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्रअन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 18.09.2024 को अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा थाना मौदहा क्षेत्रअन्तर्गत कंस मेला का निरीक्षण कर कंस वध मेला व जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही मेले में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा भाव का एहसास कराया गया व मेला में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल के सहयोग के लिए अपील की गई। तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर ,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु (कृष्णकांत त्रिपाठी) व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।